भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. *2
मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तटीय पर्यटन परिपथ का विकास

***2. श्री टी॰ जी॰ वेंकटेशः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए देश में तटीय पर्यटन परिपथ को विकसित करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि ऐसे विकास के लिए आरंभ में पांच राज्यों की पहचान की गयी है;

(ग) यदि हां, तो क्या उस सूची में आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया गया है; और

(घ) उक्त राज्य में किये जाने वाले विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है तथा इस प्रयोजन हेतु कितनी धनराशि निर्धारित और जारी की गयी है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

तटीय पर्यटन परिपथ का विकास के संबंध में दिनांक 11.12.2018 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. *2 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना की शुरूआत की है । इस योजना के तहत विकास हेतु चिह्नित किए गए पन्द्रह थीमैटिक परिपथों में से एक तटवर्ती परिपथ है ।

(ख) और (ग): तटवर्ती परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश सहित तटीय क्षेत्र वाले सभी राज्य और संघ राज्य क्षेत्र शामिल किए जाते हैं । इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से पहचान की जाती हैं और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा पूर्व में निर्मुक्त निधियों की उपयोगिता की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं ।

(घ) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य के लिए स्वीकृत एवं निर्मुक्त निधियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं : -

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ का नाम और वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	तटवर्ती परिपथ (2014-15)	आंध्र प्रदेश में विश्व स्तरीय तटवर्ती एवं ईको पर्यटन परिपथ के रूप में काकीनाडा में होप आईलैंड कोनासीमा का विकास ।	69.83	55.86
2.	तटवर्ती परिपथ (2015-16)	आंध्र प्रदेश में श्री पोट्टी श्रीरामलू नेल्लोर में तटवर्ती पर्यटन परिपथ का विकास ।	59.70	44.30
3.	बौद्ध परिपथ (2017-18)	बौद्ध परिपथ का विकास: आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ के तहत शलिहुण्डम - थोटलाकोण्डा-बावीकोण्डा - बोज्जनाकोण्डा - अमरावती - अनुपू ।	52.34	10.47

****